Reg. No. :- JH-11-0004329

# अपेम लाइव न्यूज

(Art, Agriculture, Press & Education, Health Management)

(अपेम ट्रस्ट के अंतर्गत बरही से संचालित एवं प्रसारित, Reg. No. :- 2020/BAR/80/BK/01)

APEM LIVE NEWS सच का साथी

दैनिक संध्या डिजिटल अखबार | सच का साथी | दिनांक 09-05-2022 | अंक 220

Website- www.apemlive.com संपर्क सूत्र 9550809864,9934337941,8969504178 Email Id- liveapem@gmail.com

आपका साथ और हमारा प्रयास मिलकर करेंगे क्षेत्र का विकास

बरही पश्चिमी भाग 4 से जिला परिषद पद के लिए कर्मठ,जुझारू,शिक्षित, युवा, समाजसेवी महिला उम्मीदवार

**श्रीमती कुंती देवी**



का चुनाव चिन्ह टेम्पो छाप क्रम सं. 2



**मत – पत्र का नमूना**

| क्रम सं. | प्रत्याशी का नाम | चुनाव चिन्ह |
|---|---|---|
| 1. | | |
| 2. | श्रीमती कुंती देवी | (टेम्पो) |
| 3. | | |
| 4. | | |

पर मुहर लगा कर भारी मतों से विजयी बनाएं

निवेदक – तापेश्वर प्रसाद सामाजिक कार्यकर्ता

आपका साथ और हमारा प्रयास मिलकर करेंगे क्षेत्र का विकास

बरही पश्चिमी से पंचायत समिति पद के लिए कर्मठ,जुझारू,समाजसेवी, प्रखर वक्ता,शिक्षित, युवा उम्मीदवार

**कपिल प्रसाद केशरी**



का चुनाव चिन्ह बेबी वॉकर छाप क्रम सं. 2



**मत – पत्र का नमूना**

| क्रम सं. | प्रत्याशी का नाम | चुनाव चिन्ह |
|---|---|---|
| 1. | | |
| 2. | कपिल प्रसाद केशरी | (बेबी वॉकर) |
| 3. | | |
| 4. | | |

पर मुहर लगा कर भारी मतों से विजयी बनाएं

निवेदक – बरही पश्चिमी मतदातागण

## जिला परिषद पूर्वी भाग 06 के प्रत्याशी मुनेजा खातून के द्वारा उनके कार्यकाल में धरातल पर उतारे गए विकास कार्य एवं अनुशंसित विकास योजनाओं की सूचि एवं भावी कार्ययोजना की संकल्प पत्रः-

झारखण्ड पंचायत चुनाव

युवा शिक्षित, योग्य, कर्मठ, दूरदर्शी जिला परिषद उम्मीदवार भाग 6

बरही पूर्वी भाग संख्या 06 के जिला परिषद प्रत्याशी मुनेजा खातुन को क्रमांक संख्या 5 बेंच छाप





पर मुहर लगाकर भारी मतों से विजयी बनायें।

एक बार पुनः सेवा का मौका दें...

**मुनेजा खातून**

बरही पूर्वी जिला परिषद प्रत्याशी

निवेदक – मो क्यूम अंसारी

**जिला परिषद सदस्य मुनेजा खातून के कार्यकाल में जिला परिषद फण्ड से एवम जीप सदस्य के द्वारा अनुसंशित विकास कार्यो की सूचिः**

1 बरही पूर्वी भाग के डपोक, मलकोको, रानीचुवाँ, करियातपुर, धनवार, बरसोत एवं विजैया में पंचायत भवन का निर्माण
2. बरही पूर्वी भाग में जिला परिषद के फण्ड से प्रत्येक ग्राम मे आंगनवाड़ी भवन का निर्माण
3. करीयातपूर से धनवार तक कालीकरण रोड का निर्माण
4. मलकोको गांव में कालीकरण सड़क निर्माण
5. बरियठ्ठा गांव में कालीकरण सडक निर्माण एवं ओरपरता से डपोक तक कालीकरण रोड का निर्माण
6. चलंगा रोड का मरम्मतीकरण
7. हरिजन स्कूल से तिलैया डैम तक सड़क मरम्मती करण
8. विजैया मे पावर सब स्टेशन का निर्माण
9. विजैया में पीसीसी रोड का निर्माण
10. गुडियों उपस्वास्थ्य केंद्र भवन की रिपेयरिंग
11. करियतापूर +2 हाईस्कूल एवं विजैया +2 हाईस्कूल का उत्क्रमण
12. करीयतापूर में नाली निर्माण
13. मोरमगढा से रानीचुवां तक कालीकरण सडक निर्माण
14. बरसोत से जीतुपर तक कालीकरण सडक निर्माण

**जीप सदस्या मुनेजा खातून के अनुशंसा से स्वीकृत हुए योजनाओं की सूचि**

1. करियातपुर में मल्टीपरपस भवन, मैरिज हॉल का निर्माण की स्वीकृति
2. हरिजन स्कूल से तिलैया डैम तक सडक चौडीकरण कार्य की स्वीकृति
3. विजैया से ओरपरता तक सडक निर्माण की स्वीकृति
4. बेहरवाटांड से गरजामू के बीच पुलिया निर्माण की स्वीकृति
5. पिपराटांड से डपोक तक सडक निर्माण की स्वीकृति

**भावी कार्ययोजना ( संकल्प पत्र)**

1. विजैया को प्रखंड के दर्जा दिलाना,
2. विजैया में सुरक्षा के दृष्टिकोण से पुलिस ओपी की स्थापना कराना
3. नल जल योजना से सभी पंचायत को जोड़ना और जल मीनार का निर्माण कर पेयजल आपूर्ति की व्यवस्था कराना।
4. सोलर संचालित योजना को मूर्त रूप देकर किसानों के खेत तक सिंचाई की व्यवस्था करना।
5. प्रत्येक पंचायत में एक खेल मैदान का निर्माण हेतू प्रयास करना।
6. महिला सशक्तिकरण को बढावा देकर उनहे स्व रोजगार से जोडना। जो स्वरोजगार से जुडे है उनहे और आगे प्रोत्साहित करना।
7. बराकर नदी के किनारे बसे गांवों को लिफ्ट इरिगेशन से जोडकर सिंचाई की व्यवस्था करना।

निवेदक



मो क्यूम अंसारी
समाजसेवी
बरही पूर्वी भाग संख्या 06

हमारा काम बोलगा, जनता के बीच हमारी पहचान बोलेगा

# पंसस उम्मीदवार कपिल केशरी के समर्थन में महिलाओं ने की बैठक, समर्थन का भरोसा



महिलाओं को संबोधित करते कपिल प्रसाद केशरी

**अपेम लाइव : बरही सोनु पंडित**

बरही पश्चिमी पंचायत के न्यू रेलवे कॉलोनी में पंचायत समिति सदस्य उम्मीदवार कपिल प्रसाद केशरी के समर्थन में महिलाओ ने बैठक की। बैठक की अध्यक्षता प्रियंका आनंद ने की। बैठक में कपिल प्रसाद केशरी भी शामिल हुए। इस बैठक में कपिल प्रसाद केशरी ने कहा कि महिलाओं के मान सम्मान का ख्याल हमारी प्राथमिकता रहेगी। महिलाओ को स्व रोजगार से जोड़ने के लिए हर संभव प्रयास किया जाएगा। प्रियंका आनंद ने कहा कि मि. हलाओं के विकास के बिना समाज का विकास अधूरा है। हमे महिलाओं की आर्थिक प्रगति के बारे में भी सोचना हा. ेगा। महिलाओं के मान सम्मान के लिए विशेष व्यवस्था की जाएगी। उपस्थित सभी महिलाओं ने एक स्वर में समर्थन करने की बात कही। मौके पर उनके द्वारा भावी कार्ययोजना की जानकारी दी। साथ ही सभी लोगो के बीच संकल्प पत्र भी बांटा गया। बैठक में काफी संख्या में महिलाएं मौजूद रहीं। बैठक में मिथलेश सिंह, संतोष ठाकुर, गोलू सिंह, राधा देवी, सीमा देवी, मालती देवी, रूबी देवी, अंजलि देवी, पूजा देवी सहित कई लोग मौजूद थे।

APEM LIVE

## ग्राम संगठन सखी मंडल के दीदीयों ने पंचायत समिति सदस्य रसोईया धमना प्रत्याशी अनुज कुमार का किया समर्थन

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**



बरही प्रखंड अंतर्गत रसोईया धमना स्थित पुराने पंचायत भवन में सोमवार को ग्राम संगठन सखी मंडल की दीदीयों की एक बैठक हुई। बैठक की अध्यक्षता एवं संचालन संगठन की पांच पंचायत की प्रमुख कवित्री देवी ने किया। बैठक में सभी दीदीयों ने सर्वसहमति से निर्णय लिया कि इस बार रसोईया धमना पंचायत से पंचायत समिति सदस्य के लिए अनुज कुमार को समर्थन करने की बात हुई। इस बाबत मंडल की दीदीयों ने निर्णय लिया कि इस वर्ष पंचायत चुनाव में ऐसे व्यक्ति को मुखिया व सरपंच बनाना है, जो समाज को सकारात्मक बदलाव की ओर ले जाये, जो अपने प्रभाव से पदा. धिकारियो पर हावी होकर आपका कार्य करवा सके और पंचायत का विकास हो सके। हम दीदीयों को विभिन्न कार्यो में सहयोग कर हमारा मान-सम्मान बढ़ा सकें और हमारे सभी तरह के कार्यो में हमे सहयोग करे। मौके पर सखी मंडल की दर्जनों दीदी मौजूद रहकर अनुज कुमार को पंचायत समिति सदस्य के रूप में प्रत्याशी घोषित किया।

## पत्रकार अजय कुशवाहा के पिता का इलाज के दौरान निधन, पत्रकार संघ व सामाजिक कार्यकर्ताओं ने किया शोक संवेदना व्यक्त

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**



बरही प्रखण्ड के दैनिक अखबार के पत्रकार सह सामाजिक कार्यकर्ता अजय कुशवाहा के पिता रामजी महतो का इलाज के दौरान निधन हो गया। जिसके बाद सोमवार को पंचतत्व में वह विलीन हो गए। उनका अंतिम संस्कार कोरियाडीह के घाट पर किया गया। मुखाग्नि बड़े पुत्र अजय कुशवाहा ने दी। घाट पर भारी संख्या में सामाजिक व राजनीतिक लोग उपस्थित थे। रामजी महतो ने रांची के एक निजी अस्पताल में सा. मवार को अंतिम सास ली। उनके निधन पर बरही के पत्रकारों व सामाजिक राजनीतिक कार्यकर्ताओ ने अंतिम संस्कार में शामिल होकर शोक संवेदना व्यक्त किया। अंतिम संस्कार में शामिल होकर शोक संवे. दना प्रकट करने वालों में सामाजिक कार्यकर्ता सह आप बरही विस के पूर्व प्रत्याशी संजय मेहता, भा. जपा जिला उपाध्यक्ष रमेश ठाकुर, पूर्व मुखिया सह धनवार मुखिया उम्मीदवार राजेन्द्र प्रसाद, सामाजिक कार्यकर्ता मो कयूम, जिला परिषद उम्मीदवार किशुन यादव, प्रकाश साव, नरेश साव, दामोदर प्रसाद, विकास यादव, ब्रह्मदेव यादव, मनोज कुमार, चि. रंजीवी प्रसाद, अजित कुमार, महेंद्र, सिकंदर प्रसाद, बासुदेव प्रसाद, नि. रंजन प्रसाद, छठु महतो, सुरेश महतो, प्रभुनाथ महतो, पत्रकार रितेश कुमार, अनुज कुमार, सोनू पंडित, धनंजय कुमार एवं विकास कुमार आदि उप. स्थित रहे। इसके अलावा पत्रकार कृष्णा प्रजापति, प्रमोद विश्वकर्मा, दयानंद चौरसिया, राजदेव गुप्ता, अजय दुबे, सुरेंद्र निषाद, जयदीप सिन्हा, बिपिन बिहारी पांडे, अमित कुमार, राकेश रौशन, योगेंद्र प्रजा. पति, प्रभाकर पाठक, शान अख्तर, कृष्णा यादव, योगेंद्र पंडित, सोमनाथ ठाकुर, अनुज कुमार आदि ने शोक संवेदना व्यक्त किया।









सच का साथी

# अपेम लाइव न्यूज

बरही से प्रकाशित एवं संचालित संध्या डिजीटल न्यूजपेपर

## बरही पश्चिमी क्षेत्र के जीप प्रत्याशी कुंती देवी ने बरही में चलाया डोर टू डोर जन संपर्क अभियान

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**



बरही पश्चिमी क्षेत्र भाग 4 के जीप प्रत्याशी कुंती देवी ने अपने क्षेत्र के बरही बाजार एवं कोनरा सहित आस पास के विभिन्न गांवो का दौरा किया। जहां ग्रामीणों ने इनका जोरदार स्वागत किया। वहीं जीप प्रत्याशी कुंती देवी ने ग्रामीणों की समस्या को जाना और उनकी समस्या को निदान करने का आश्वासन दिया और ग्रामीणों से अपील किया की बैलेट पेपर के क्रम संख्या दो अ०टो रिक्शा छाप पर मतदान कर मुझे विजयी बनाए जिससे मैं अपने क्षेत्र में विकास की गति को तेज कर सकूं । आप सभी का साथ की जरूरत है, इस बार मतदाताओं ने बदलाव का मन बना लिया है। वहीं सामाजिक कार्यकर्ता ता. पेश्वर प्रसाद ने कहा की क्षेत्र को भ्रष्टाचार मुक्त करना और विकास की गति को तेज करना मेरी प्राथमिकता है। वहीं जन संपर्क अभियान में शामिल सभी महिला एवं पुरुषो ने उन्हें मदद करने का आश्वासन दिया। मौके पर समाजसेवी तापेश्वर प्रसाद, गुलाब कुमार, मंटू सिंह, मनोज कुमार साहू, बीरेंद्र कुमार, बालेश्वर साव, खिरोधर साव, बुधन साव, सुखदेव साव, पिंटू कुमार, संतोष साव, अल्ताफ कुरैशी, नवाब अली, काजल कुरैशी, अल्ताफ अंसारी सहित दर्जनों अन्य लोग मौजूद थे

## जीप प्रत्याशी मुनेजा खातून ने धनवार में चलाई डोर टू डोर जन सम्पर्क, गिनाई उपलब्धियां

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**



जनसंपर्क करती मुनेजा खातून

बरही पूर्वी जीप प्रत्याशी मुनेजा खातून ने धनवार में डोर टू डोर जन सम्पर्क अभियान चलाकर अपने समर्थन में मतदान करने की अपील की। उन्होंने अपने कार्यकाल में किए गए विकास कार्य की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि अपने कार्यकाल में बरही पूर्वी भाग संख्या 06 के अंतर्गत आने वाले पंचायतों में पंचायत भवन का निर्माण कराई। प्रत्येक गांव में आंगनबाड़ी का निर्माण कराया गया। जहां छोटे छोटे बच्चे साफ एवं अनुकूल वातावरण में शिक्षा ग्रहण कर रहे है। जहां रोड नही था। वहां पक्की सड़क बनाया गया है। इसके अलावे कई जनहित कारी कार्य किए गए हैं । मुनेजा खातून ने कहा कि पिछले 10 सालो से हम अपने क्षेत्र के लोगो के साथ बिना किसी तरह के भेदभाव के हर दुख सुख में साथ रहे है। गरीब अभिवंचित वर्ग के लोगों के लिए आवाज बनती आई है। उन्होंने समर्थन कर बेच छाप पर मुहर लगाकर विजयी बनाने की अपील की।












दिनांक: 09-05-2022

सच का साथी

# अपेम लाइव न्यूज

बरही से प्रकाशित एवं संचालित डिजीटल न्यूजपेपर












# जीप प्रत्याशी बिमला देवी के लिए रामचन्द्र यादव ने चालाय जनसम्पर्क, मांगा समर्थन



चुनावी बैठक करते रामचन्द्र यादव

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**

बरही मध्य भाग के जीप प्रत्याशी बिमला देवी के पक्ष में समाजसेवी रामचन्द्र यादव लगातार जन सम्पर्क अभियान चला रहे हैं। रविवार एवं सोमवार को जन सम्पर्क चला कर बिमला देवी के लिए समर्थन मांगा। जन सम्पर्क के दौरान अपने समर्थकों के साथ कोल्हुकला पंचायत के बधियाजबाड़, तिलैया बस्ती एवं कोल्हुकला बस्ती का दौरा कर वहां की जन समस्या से अवगत हुए और समाधान का भरोसा दिलाया। बधियाजबाड़ में ग्रामीणों के साथ बैठक कर जीप प्रत्याशी बिमला देवी के भावी कार्य योजना की जानकारी दी। कहा कि एक बार बिमला देवी को अपना आशीर्वाद दें। निश्चित बदलाव दिखेगा। शिक्षा स्वास्थ्य, बिजली सड़क का सुधार पर जोर दिया गया। मौके पर मकबूल अंसारी, सद्दाम हुसैन, अतीक उर रहमान ,अब्दुल कलाम तवर जी, अख्तर मौलवी साहब ,शमशेर आलम ,साजिद सहित कई महिलाएं मौजूद थे।






सच का साथी
# अपेम लाइव न्यूज
बरही से प्रकाशित एवं संचालित संध्या डिजिटल न्यूजपेपर



















सच का साथी
# अपेम लाइव न्यूज
बरही से प्रकाशित एवं संचालित संध्या डिजीटल न्यूजपेपर
















दिनांक: 09-05-2022

सच का साथी

# अपेम लाइव न्यूज

बरही से प्रकाशित एवं संचालित संध्या डिजीटल न्यूजपेपर



## रविंद्र नाथ टैगोर जी की जयंती पर श्रीदस इंटरनेशनल स्कूल में विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**



रविन्द्र नाथ टोगोर की जयंती मनाते स्कूल के शिक्षक एवं बच्चे

देवचंदा मोड़ स्थित श्रीदस इंटरनेशनल स्कूल में रविंद्रनाथ टैगोर जी की जयंती पर विद्यालय निदेशक, शिक्षकों व विद्यार्थियों के द्वारा उनकी तस्वीर पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धा पूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित की गई। साथ ही इनकी जयंती पर बच्चों के बीच निबंध लेखन, क्विज ,भाषण एवं कविता गायन आदि प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया । उनकी जीवनी पर प्रकाश डालते हुए विद्यालय निदेशक रोहित सिंह ने कहा कि रबींद्रनाथ टैगोर एक बहु-प्रतिभाशाली व्यक्तित्व थे । जिनकी नई चीजें सीखने की बहुत इच्छा थी। साहित्य और संगीत में उनका योगदान अविस्मरणीय है। न केवल पश्चिम बंगाल में बल्कि पूरे भारत में लोग उन्हें हमेशा याद करते हैं। यहां तक कि भारतीय साहित्य में उनके महान योगदान के लिए उन्हें सबसे प्रतिष्ठित नोबेल पुरस्कार दिया गया था। वह पुरस्कार पाने वाले एशिया के पहले व्यक्ति थे। जिन बच्चों ने प्रतियोगिताओं में भाग लिया उनमें प्रिंसी राणा, तमन्ना आफरीन ,रोशन मेहता ,प्रीति ,ज्योति, सृष्टि, ब्यूटी ,आर्यन ,रोशन ,अश्विन, आशीष ,मनीषा ,दानिश, शिवम ,अनीश, शीतल ,काजल ,अंजलि , शुभम पांडे, नीरज ,रोशन ,शिवम, धीरज ,पवन, स्वाति , माही ,निशु एवं शिक्षकगण शामिल थे।
















सच का साथी

# अपेम लाइव न्यूज

बरही से प्रकाशित एवं संचालित संध्या डिजीटल न्यूजपेपर















सच का साथी

# अपेम लाइव न्यूज

बरही से प्रकाशित एवं संचालित संध्या डिजीटल न्यूजपेपर

## मुखिया प्रत्याशी अनिता देवी ने चलाया जन संपर्क अभियान, भावी कार्ययोजना की दी जानकारी

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**



जनसम्पर्क चलाते खिरोधर यादव

खोड़ाहर पंचायत के मुखिया उम्मीदवार अनीता देवी ने अपने निर्वतमान मुखिया खिरोधर यादव के द्वारा जन संपर्क चलाया गया । जन संपर्क अभियान की शुरुआत अपने पैतृक गांव खोड़ाहर से की। उनके बाद केवाल, पांच मईल, चारमईल, रालो, कुण्डवा तथा दौरवा गांव में डोर टू डोर संपर्क चलकर अपने पक्ष में वोट करने की अपील की। मौके पर मौजूद ग्रामीणों ने एक स्वर में कहा अनीता देवी जी को ही मुखिया बनाना है। जनसंपर्क अभियान के बीच में लोगों ने अनीता देवी जी को पुष्प गुछ तथा माला पहना कर स्वागत किया और जीत की अग्रिम बधाई एवं शुभकामनाएं दिया। मौके पर अनिता देवी ने पिछले मुखिया कार्यालय की उपलब्धियों से भी अवगत कराया और शेष बचे विकास कार्य को पूरा करने का वचन दिया।

## बरही शकुंतला पैलेस में ब्रह्मा विद्या सप्ताहिक सत्संग गोष्ठी का आयोजन

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**



बरही हजारीबाग रोड में स्थित शकुंतला पैलेस में ब्रह्मा विद्या साप्ताहिक सत्संग गोष्ठी का आयोजन किया गया। जहां ओम कार ध्वनि, स्वागत गान , मंगल गान, उदघोष, ज्ञान गुदड़ी पाठ, स्वर्वेद पाठ, भजन, प्रवचन, अमृतवाणी, वंदना एवं आरती सत्संग में उपस्थित लोगो द्वारा किया गया। मौके पर चंद्रमोहन सिंह, कैलाशपति सिंह, महेश प्रसाद, किशोर उर्फ सत्येंद्र सिंह, कौलेश प्रसाद केशरी, बिमला केशरी, पुनम देवी, शकुंतला देवी, कृष्ण कुमार गुप्ता, रामचंद्र राम एवं पप्पू रविदास मुख्य रूप से मौजूद थे।

## दादपुर पंचायत से मजबूत उम्मीदवार के रूप में उभरे है संजय यादव, मिल रहा जनसमर्थन

**अपेम लाइव : चौपारण**
**किशोर राणा**



दादपुर पंचायत में जहां वर्तमान मुखिया नूतन सिन्हा जीत की हैट्रिक लगाने की तैयारी में है वही कांग्रेस के प्रखण्ड अध्यक्ष विकास यादव चुनावी मैदान में उतरकर अपनी प्रतिष्ठा दाँव पर लगा दिया है। इधर पिछले चुनावी में मामूली अंतर से पराजित होने वाले गंदौरी दाँगी भी जीत के लिए दम लगा रहे है। इन सबके बीच दादपुर पंचायत से मुखिया उम्मीदवार के रूप में युवा नेता संजय यादव ने मजबूती से अपनी उम्मीदवारी पेश कर सभी उम्मीदवारो का नींद उड़ा दिया है। प्रखण्ड में सबसे ज्यादा गाडियो के का. फिले से नामांकन करके चर्चा में आये संजय यादव विरोधियो के लिए सिरदर्द बने हुए है। लगातार जनता के बीच जनसम्पर्क अभियान चलाकर संजय यादव अपना जीत के संभावनाओं को मजबूत कर रहे है। इस सन्देर्भ मे संजय यादव ने बताया कि दादपुर के युवाओ का भरपूर जनसमर्थन मिल रहा है। कहा इस बार दादपुर में युवाओ के बोलबाला है। कहा जनता अगर मौका देती है तो दादपुर को प्रखण्ड में अग्रणी स्थान पर ले जाऊंगा। कहा मुझे सभी वर्गो का जनसमर्थन मिल रहा है।

APEM
LIVE

## विष्णुगढ़ से अगवा दोनों सगे भाई पतरातू से सकुशल बरामद, - ममेरा चाचा ने किया था अगवा



विष्णुगढ़ पुलिस की गिरफ्त में आरोपी अपहर्ता

**अपेम लाइव : विष्णुगढ**
**मिथलेश गोल्डी**



परिजनों की गोद में सकुशल बरामद दोनों मासूम बच्चे

विष्णुगढ़ से अगवा दोनों सगे भाई रविवार की रात रामगढ़ जिला के पतरातू से सकुशल बरामद कर लिए गए। विष्णुगढ़ एवं रामगढ़ जिला के पुलिस के संयुक्त प्रयास से 28 घंटे में यह सफलता हाथ लगी। पुलिस ने अपहर्ता को भी मौके पर से गिरफ्तार कर लिया गया। अपहर्ता रिश्ते में दोनों बच्चों का ममेरा चाचा है। विष्णुगढ़ थाना में आयोजित प्रेस वार्ता में एसआई भागीरथ पा. सवान एवं प्रशांत मिश्रा ने यह जानकारी दी। बताया कि अपहृत दोनों बच्चों की बरामदगी के लिए हजारीबाग एसपी द्वारा विष्णुगढ़ एसडीपीओ के नेतृत्व में एक टीम का गठन किया गया। टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए टेक्निकल सेल एवं मेगा कंट्रोल को सूचना दी। मिले इनपुट के आधार पर दोनों बच्चों को रविवार की रात रामगढ़ जिला के पतरातू थाना अंतर्गत रेलवे कॉलोनी दुर्गा मंडप भुईया टोला स्थित एक क्वार्टर से बरामद कर लिया। घटनाक्रम की जानकारी देते हुए बताया कि शुक्रवार की शाम अपहर्ता केंदुआडीह निवासी शुकर महतो जोबर के जामुनटांड पहुंचकर अपने फुफेरा भाई के दोनों बच्चों क्रमशः आयुष (6) तथा आर्यन (4) पिता चेतलाल महतो को समोसा का प्रलोभन देकर अगवा कर लिया। इसके बाद वह जंगल होते हुए कंजकीरो पहुंचा। कंजकीरो से एक बारात वाले डीजे वाहन में बैठकर पतरातू पहुंच गया। जहां वह एक पुराने क्वार्टर में बच्चों को रखकर बेचने की फिराक में था। इस बीच वह बच्चों को चाकू दिखाकर भयभीत करते रहा। दोनों बच्चों की सकुशल बरामदगी के बाद परि. जनों ने राहत की सांस ली। वहीं, आरोपी को गिरफ्तार कर सोमवार को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। टीम में एसडीपीओ अनुज उरांव, भागीरथ पासवान, प्रशांत कुमार मिश्रा, बीरबल करमाली, संतदेव कुमार आदि शामिल थे।






सच का साथी
# अपेम लाइव न्यूज
बरही से प्रकाशित एवं संचालित डिजिटल न्यूजपेपर

## गजवा पंचायत से जनता ने सेवा का मौका दिया तो क्षेत्र का विकास ही विकास करेंगे–पूनम कुमारी

**अपेम लाइवः प्रतापपुर**
**चंदन कुमार**



प्रतापपुररू पंचायत चुनाव के लिए प्रत्याशी दिन रात एक करके चुनाव प्रचार–प्रसार में जुटे हुए हैं। वही प्रतापपुर के गजवा पंचायत चुनाव को लेकर सभी प्रत्याशी वोटरों को लुभाने के लिए अपनी पूरी ताकत झोंक दी है। इसी कड़ी में प्रत्याशी एवं समर्थक के साथ विभिन्न क्षेत्रों में पूनम कुमारी घूम रही हैं। और अन्य समर्थकों के साथ गजवा में वार्डों में लोगों से मिल रहे हैं। गजवा पंचायत के मुखिया उम्मीदवार पूनम कुमारी अपने पंचायतो में भ्रमण कर अपने वोटरों से दूरबीन छाप पर मतदान करने की अपील की। प्रचार के क्रम में पूनम कुमारी ने पत्रकारों से बात करते हुए बोली की मैं गजवा पंचायत से पंचायत समिति सदस्य रह चुकी हूं। साथ ही उन्होंने ने बताई मैं इस बार मुखिया उम्मीदवार के रूप में आई हूं वो मैं खुद से नही बल्कि मुझे जनता ने खुद मैदान में उतारा है। और मैं इसी विश्वास के साथ नामांकन कर भाग्य आजमा रही हूं। और मैं मुझे ग्रामीणों का भरपूर समर्थन मिल रहा है जिससे देखकर मुझे पूर्ण विश्वास है कि मैं गजवा पंचायत से विजय हासिल कर जनता की सेवा करूंगी व अपने वोटरों से वादा किया कि अगर जनता का आशीर्वाद मिला और मुझे सेवा करने का मौका दिया तो मैं क्षेत्र संख्या सात में विकास की गंगा बहा दूंगी साथ ही इस क्षेत्र से भर्ष्टाचार का नामोनिशान मिटा दूंगा। समाज में छुआ–छूत, अमीर–गरीब एवं छोटे बड़े का सम्मान और छोटे बड़े का भेद भाव जैसे कुरीतियों का जड़ से समाप्त करने के लिए संघर्ष करूंगी औऱ करते ही रहूंगी औऱ घर परिवार का बेटी हूँ और मुझे उम्मीद है आपके एक वोट के साथ ही आशीर्वाद दे।

## गिरिडीह में बीजेपी नेताओं और कार्यकर्ताओं ने निकाली हेमंत सोरेन की शव यात्रा

**अपेम लाइव : गीरिडीह**
**बजरंगी महतो**



आज रविवार को गिरिडीह झंडा मैदान से हेमंत सोरेन की शव यात्रा बीजेपी ने. ताओं और कार्यकर्ताओं ने निकाली और अंबेडकर चौक होते हुए ट०वर चौक पर दहन किया। शव यात्रा में शामिल हुए सभी बीजेपी नेताओं और कार्यकर्ताओं ने जमकर झारखन्ड सरकार के खिलाफ़ नारे लगाए और आक्रोश व्यक्त किया। झारखंड सरकार हाय हाय, भ्रष्टाचार में लिप्त हेमंत सोरेन इस्तीफा दो इस्तीफा दो, झारखंड में राष्ट्रपति शासन लागू करो लागू करो सहित कई अन्य सरकार विरोधी नारे लगाए गए। साथ ही भारतीय जनता पार्टी जिंदाबाद नरेन्द्र मोदी जिंदाबाद के भी नारे लगाए गए। शव यात्रा की अगुआई भाजपा के नगर अध्यक्ष हरमिंदर सिंह बग्गा कर रहे थे साथ ही कार्यक्रम प्रभारी सुभाष सिन्हा कर रहे थे। गिरिडीह नगर थाना प्रभारी आर एन चौधरी शव यात्रा पर खुद मोर्चा संभाले हुए थे, पुलिस बल की तैनाती की गई थी शव यात्रा के रूट चार्ट में। शव यात्रा में भाजपा नेता सह गिरिडीह नगर निगम के उपमहापौर प्रकाश सेठ, सुनिल पासवान, गिरिडीह के निवर्तमान विधायक निर्भय कुमार शाहबादी, कोडरमा लोक सभा सांसद प्रतिनिधि दिनेश यादव, नुनूलाल मरांडी, भाजपा नगर अध्यक्ष हरमिंदर सिंह बग्गा, जिला महामंत्री संदीप डांगैच, भाजपा किसान मोर्चा जिलाध्यक्ष दिलीप वर्मा , भाजपा झारखन्ड प्रदेश कार्य समिति प्रवक्ता विनय कुमार सिंह , झारखन्ड प्रदेश कार्यसमिति सदस्य मनोजसंघई भाजपा जिला उपाध्यक्ष संजय सिंह,विनय कुमार सिंह, नगर उपाध्यक्ष अजय पाठ्क, सुरेश मंडल रागिनी लाहिरी, शालिनी वैश्खियार, क्रांति कुमारी सहित कई अन्य नेता और कार्यकर्ता मौजूद थे।

## महाराण प्रताप की धूम धाम से मनाया गया जयंती

### महाराणा प्रताप के प्रतिमा निर्माण का रखा गया आधारशीला

**अपेम लाइव : कान्हाचट्टी**
**प्रमोद कुमार सिंह,**




प्रखण्ड क्षेत्र के बड़वार गांव के महाराणा प्रताप चौक पर महाराणा प्रताप का भव्य प्रतिमा का निर्माण होगा।झारखण्ड में ऊक्त स्थल पर सबसे बड़ा प्रतिमा बनाया जाएगा।ऊक्त बातें सोमवार को महारामा प्रताप के जन्म दिवस के मौके पर अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा के चतरा जिला अध्यक्षा प्रामोद कुमार सिंह ने कहा।बड़वार में बड़वार निवासी और करनी सेना के युवा जांबाज जितेन्द्र कुमार सिंह जे नेतृत्व में यह आयोजन किया गया।वही दहेज उन्मूलन समिति क्षत्रिय महासभा के सभापति गोपाल सिंह ने विधि विधान के साथ प्रतिमा निर्माण के लिए पूजन किये और प्रतिमा निर्माण की आधारशीला रखी।उन्होनो कहा कि हमारे समाज के लिए सौभाग्य की बात होगा कि कान्हाचट्टी में भव्य प्रतिमा का अनावरण किया गया।वही समाज के कई लोगो ने महाराणा प्रताम की जीवनी को बताया और उनके बताए मार्ग पर चलने का समाज के लोगो से3 आग्रह किया।मौके पर जितेंद्र सिंह,बिरजू तिवारी,सौरभ सिंह,सहित सैकड़ों की संख्या में लोग मौंजुद थे।

## शादी का झांसा देकर बनाया शारीरिक संबंध, लड़का अब शादी से कर रहा इनकार,

### न्याय पाने के लिए लड़की ने लगाई प्रशासन से गुहार

**अपेम लाइव : बिरनी**
**सब्बा अहमद**

शादी का झांसा देकर लड़का ने शारीरिक संबंध बनाया। अब शादी से कर रहा इनकार, घटना बिरनी प्रखण्ड क्षेत्र के ग्राम+पंचायत के पेशम के रहने वाली रोजी कुमारी(काल्पनिक नाम) पिता रामप्रसाद राणा ने मोहन कुमार वर्मा ( काल. पनिक नाम) पिता सुखदेव प्रसाद वर्मा पर शादी के नाम पर झांसा देकर जबरन शारिरिक सम्बन्ध बनाने का आरोप लगाया है। बताया जा रहा है कि लड़का और लड़की दोनों नाबालिक है। जिसके बाद लड़की ने बिरनी थाना में आवेदन देकर न्याय की गुहार लगाई है। लड़की ने आरोप लगाते हुए अपने आवेदन में बताया कि मोहन कुमार वर्मा जिसका स्थानीय पता ग्राम सुइयाडीह पोस्ट पेशम जिसका वर्तमान पता ग्राम पेशम है के साथ पिछले 7 महीनों से प्रेम प्रसंग चल रहा था। दिनांक 05 मई को अपने फुआ का घर रा. जधनवार थाना के ग्राम सलेयडीह शादी समारोह में भाग लेंगे गई थी। उसी दिन शाम लगभग 3 बजे लड़का फोन करके स्लैहडीह पहुँच गया। उस समय लड़की का विदाई हो रही थी। मुझे अकेला पा कर लड़का द्वारा शादी का झांसा देकर मुझे गिरीडीह के किसी लॉज में ले आया। जहाँ जबरन मेरे साथ लड़का रात भर शारी. रिक संबंध बनाया। दिनांक 06/05/2022 को शाम 4 बजे पंचायत भवन चोंगाखार – बिरनी के समीप गाड़ी में पेट्रोल खत्म होने का बहाना कर पेट्रोल भराकर आते हैं कहकर मुझे वहीं छोड़कर भाग गया। काफी देर इंतजार करने के बाद जब लड़का नहीं आया तो किसी अज्ञात व्यक्ति से फ़ोन लेकर अपने पिता को सूचित किया। और मामले से अवगत करवाई। मेरे पिता द्वारा लडके के पिता को पूरे मामले से अवगत करवाया गया। उस वक्त लड़का के पिता दोनों को शादी करवाने पर अपना सहमति दे दी। लेकिन अब लड़के को कहीं बाहर भेजकर शादी से इनकार कर रहे हैं। इधर बिरनी थाना प्रभारी ने आवेदन के संदर्भ में कहा कि मामला राजधनवार के ओपी थाना क्षेत्र का जिसका अग्रेतर करवाई भी वहीं से होना है। इस संदर्भ में परिवार वालों को उचित करवाई के लिए राजधनवार के ओपी थाना से संपर्क करना चाहिये।

## शव पहुँचने पर गांव में छाया मातम

**अपेम लाइव : बिरनी**
**सब्बा अहमद**

बिरनी थाना क्षेत्र के सिमराढ़ाब गांव निवासी अमर मोदी के 20 वर्षीय पुत्र अभिषेक कुमार की रामगढ़ में मौत हो जाने से गांव में सन्नाटा पसरा हुआ है। अभिषेक कुमार इंजीनियरिंग का छात्र था और वह रामगढ़ में रहकर पढ़ाई कर रहा था। तालाब में डूबकर मौत होने के बाद पूरे परिवारवालों पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है। बता दें कि अभिषेक का पिता अमर मोदी एक छोटा मोटा व्यवसाय कर अपने बेटे को पढ़ा रहे थे। अभिषेक अपने पीछे दो भाइयों को छोड़ गया है। अभिषेक भाईयों में बीच में था। इधर रविवार देर शाम को अभिषेक का शव सिमराढ़ाब गांव पहुंच गया।






दिनांक: 09-05-2022

सच का साथी

# अपेम लाइव न्यूज


बरही से प्रकाशित एवं संचालित डिजिटल न्यूजपेपर



## पॉलीटेक्निक प्रवेश प्रतियोगित परिक्षा-2022 की अधिसूचना जारी

**अपेम लाइव : गीरिडीह**

**बजरंगी महतो**


झारखण्ड सरकार
झारखण्ड संयुक्त प्रवेश प्रतियोगिता परीक्षा पर्षद
Website : http://jceceb.jharkhand.gov.in
e-mail id: jceceboard@gmail.com
Phone no.: 9264473891

उच्च एवं तकनीकी शिक्षा विभाग रांची के पत्रांक 284दिनांक04/03/2022एवं उद्योग निदेशालय के पत्रांक152दिनांक30/08/2022के आलोक में झारखंड राज्य स्थित राजकीय प०लीटेक्निक (महिला सहित) संस्थानों पीपीपी मोड पर संचालित प०लिटेक्निक संस्थानों एवं गैर राजकीय पॉलीटेक्निक संस्थानों में अभियंत्रण डिप्लोमा पाव्यक्रम एवं उद्योग विभाग झारखण्ड के अधीन संचालित झारखण्ड गवर्मेंट मिनी टूल रूम एंड ट्रेनिंग सेंटर रांची एवं गर्वमेंट टूल रूम एंड ट्रेनिंग सेंटर दुमका में टूल एंड डाइ मेकिंग पाव्यक्रम के शैक्षणिक सत्र 2022-23 (फर्स्ट सेमेस्टर/फर्स्ट इयर) में प्रवेश हेतु वैसे योग्य आवेदन जो भारत के नागरिक होने के साथ साथ झारखण्ड राज्य के स्थायी/स्थनीय निवासी की श्रेणी में आते हैं तथा निम्नानुसार योग्यता की अहर्ता पूरी करते हैं से ऑनलाइन आवेदन कंडिका 3में अंकित अन्तिम तिथि तक आवेदन आमंत्रित किया जाता है1-शैक्षणिक योग्यतारूमाध्यमिक/दसवीं/समकक्ष परीक्षा में कम से कम 35ःअंको के साथ उत्तीर्णआयु सीमारू केवल खनन अभियंत्रण शाखा के लिए न्यूनतम आयु दिनांक 01/07/2022तक 17वर्ष अन्य किसी भी शाखा हेतु अधिकतम एवं न्यूनतम आयु सीमा निर्धारित नही है। 2ः प्रवेश -परिक्षा/पाठ्यक्रम/अहर्ताऐं/शर्तो संबंधी अन्य सभी जानकारी हेतु पर्षद के वेबसाइट http %@jceceb-jharkhand gov-पद के डाउनलोड क०लम पर मार्ग निर्देशिका उपल्ब्ध है। इच्छुक छात्र छात्राओं को निर्देशित किया जाता है कि आवेदन पत्र भरने के पूर्व मार्ग निर्देशिका का अध्ययन अवश्य कर लें। 3-पॉलिटेक्निक प्रवेश प्रतियोगिता परिक्षा 2022से संबंधित निर्धारित अवधि/तिथियां निम्नवत हैरू ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया प्रारंभ होने की तिथि 09/05/2022 ऑनलाइन आवेदन करने की अन्तिम तिथि 23/05/2022 ऑनलाइन एडमिट कार्ड पर्षद के वेबसाइट से डाउनलोड करने की तिथि-परीक्षा के चार दिन पहलेपरीक्षा की तिथि 19/06/2022 4-परिक्षा शुल्करू सामान्य सहित/पिछड़ी जाति {1}/पिछड़ी जाति {2} के लिए 650रुपए अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति/सभी कोटि की महिला के लिए 325रुपए दिव्यांगजनों के लिए कोई आवेदन शुल्क देय नही है परिक्षा शुल्क न०न रिफंडेबल होगा। परिक्षा शुल्क पर देय बैंक चार्ज का भी भूगतान अभ्यर्थियों को करना होगा। 5-आवेदन करने का तरीकाः पर्षद के अधिकृत वेबसाइट http:@@jceceb jharkhand- gov-in के होमपेज पर क्लिक हेयर फोर आल ऑनलाइन एप्लीकेशन सबमिशन जेसीईसीबी 2022पर क्लिक कर दिए गए दिशा निर्देशो का पालन करते हुए अ०नलाइन आवेदन कर सकते हैं। आवेदन करने के पूर्व पर्षद के वेबसाइट पर उपलब्ध मार्ग निर्देशिका को अवश्य पढ़ लें। 6-परिक्षा का प्रकाररू पॉलिटेक्निक प्रवेश प्रतियोगिता परिक्षा ओएमआर बेस्ड (ऑनलाइन मोड) में आयोजित की जायेगी। प्रतियोगिता परीक्षा के प्रश्न बहुविकरणीय (मल्टीपल च०इस) प्रकार की होगी तथा प्रश्न पत्र हिंदी एवं अंग्रेजी दोनों भाषाओं में उपल्ब्ध रहेंगे। 7-आरक्षणरू राज्य सरकार द्वारा ज़ारी अधतन आरक्षण नीति प्रभावी होगा। 8-पॉलिटेक्निक प्रवेश प्रतियोगिता परिक्षा-2022से संबंधित किसी जानकारी के लिए पर्षद के दूरभाष संख्या 9264473893पर किसी भी कार्यालय दिवस में पूर्वाह्न दस बजे से अपराह्न छः बजे तक संपर्क किया जा सकता है।(नोट :-अपरिहार्य कारणों से झारखंड सरकार या झा. स. प्र. प्र. प. पर्षद निर्धारीत तिथियों में परिवर्तन कर सकती है।)

## पचम्बा के पास बनी रेलवे ओवरब्रिज के नाली के ऊपर लगी जाली धंसी

**अपेम लाइव : गीरिडीह**

**बजरंगी महतो**



गिरिडीह मुख्यालय को जोड़ने वाली पचंबा वाया चितरडीह जमुआ मुख्य पथ पर गिरिडीह की उपनगरी पचंबा से मात्र तीन सौ मीटर की दूरी पर स्थित रेलवे ओवर ब्रिज के नाली के ऊपर लगी जाली धंसे लगभग दो महिने बीत चुके हैं। कई गाड़ियां फंस चुकी है इस धंसे हुए जाली में। कई गाड़ियों को क्षति भी पहुंची है। रोजाना हजारों वाहन गुजरते हैं इस ओवरब्रिज से होकर। शाम होते ही अंधेरे में डूब जाता है यह ओवर ब्रिज। जब से ओवर ब्रिज का निमार्ण हुआ है लाइट की कोई व्यवस्था नहीं की गई है। नाली के ऊपर लगी जाली के धंस जाने से सभी वाहन एक ही साइड से आते जाते हैं ऐसे में कभी भी कोई बड़ी दुर्घटना घट सकती है। कौन जिम्मेदार होगा उस दुर्घटना का ? गिरिडीह जिला प्रशासन से अपेम लाइव न्यूज इस गम्भीर विषय को अपने संज्ञान में लेते हुए त्वरित कार्यवाही करने का आग्रह करती है ताकि कोई घटना घटित ना हो और किसी भी तरह का कोई जानमाल को नुकसान ना पहुंचे।

## त्रिस्तरीय पंचायत आम निर्वाचन के सफल क्रियान्वयन को लेकर जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने विभिन्न कोषांगों के साथ बैठक की

**अपेम लाइव : गीरिडीह**

**बजरंगी महतो**

गिरिडीह, 09 मई 2022ः को त्रिस्तरीय पंचायत निर्वाचन 2022 के सफल क्रियान्वयन को लेकर समाहरणालय सभागार कक्ष में जिला निर्वाचन पदाधिकारी, श्री नमन प्रियेश लाकड़ा की अध्यक्षता में विभिन्न कोषांगों के साथ एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में निर्वाचन कार्यो संबंधी आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया। बैठक के दौरान जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने सर्वप्रथम सभी संबंधित अधिकारियों को उनके दायित्वों से अवगत कराते हुए निर्वाचन संबंधी कार्यो को सुचारु रूप से क्रियान्वित करने का आवश्यक निर्देश दिया। इस दौरान जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने मतदान केंद्रों पर सभी व्यवस्था जैसे पेयजल, शौचालय, विद्युत, रैंप, शेड आदि की उपलब्धता सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। साथ ही मतदान केंद्रों पर मतदान हेतु कुर्सी, टेबल, बेंच आदि की व्यवस्था सुनिश्चित कराने का निर्देश दिया। इसके अलावा उन्होंने कलस्टर केंद्रों पर भी सभी आवश्यक व्यवस्थाओं को दुरुस्त करने का निर्देश दिया। इस दौरान उन्होंने कलस्टर केंद्रों पर सभी संबंधित प्रखंड विकास पदाधिकारी के द्वारा पर्याप्त रोशनी, पेयजल एवं शौचालय की व्यवस्था सुनिश्चित कराने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि प्रत्येक क्लस्टर केंद्र पर क्लस्टर प्रभारी एवं सहायक क्लस्टर प्रभारी नियुक्त किया जाए। इसके अलावा जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने मतदान कर्मियों के प्रखंड क्षेत्र पहुंचने एवं मतदान के पश्चात प्रखंड क्षेत्र निकलने की सूचना संग्रहण हेतु ड्र०प गेट की व्यवस्था सुनिश्चित कराने का निर्देश दिया। उन्होंने बताया कि दिनांक 13.05.22 को मतदान कर्मियों को गिरिडीह महाविद्यालय से डिस्पैच किया जाएगा। इसके अलावा जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी को आवश्यक निर्देश दिया कि सभी प्रखंडों में प्रखंड स्तर पर कंट्रोल रूम की व्यवस्था सुनिश्चित कर ली जाए एवं अपने स्तर से कर्मियों की प्रतिनियुक्ति कर दी जाए। इस हेतु महिला शिक्षिका, बाल विकास परियोजना कार्यालय के कर्मियों आदि की सेवा भी लिया जा सकता है। इसके अलावा उन्होंने बताया कि डिस्पैच के दिन ड्र०प गेट पर उपस्थित कर्मियों से प्रखंड क्षेत्र में प्रवेश करने वाले मतदान दलों की सूचना प्राप्त करना तथा क्लस्टर पर ठहरने वाले मतदान दलों के संबंध में क्लस्टर प्रभारी से सूचना प्राप्त करना सुनिश्चित करेंगे। साथ ही सीधे मतदान केंद्र पर पहुंचने वाले मतदान दलों से उनके मतदान केंद्र तक पहुंचने की सूचना प्राप्त करना तथा उक्त सभी सूचनाएं संकलित करते हुए संबंधित प्रखंड विकास पदाधिकारी द्वारा जिला कार्यालय को ओके रिपोर्ट उपलब्ध कराया जाएगा। इस ओके रिपोर्ट का तात्पर्य होगा कि प्रखंड अंतर्गत सभी मतदान कर्मी (सुरक्षित सहित) संबंधित कलस्टर केंद्र/मतदान केंद्र पर पहुंच गए हैं। मतदान के दिन प्रखंड स्तरीय कंट्रोल रूम का कार्यः-सेक्टर पदाधिकारी से सभी मतदान दलों (कलस्टर में ठहरने वाले) के संबंधित मतदान केंद्र पहुंचने की सूचना प्राप्त करना, प्रातः 7रू00 बजे मतदान प्रारंभ होने की सूचना प्राप्त करना, प्रति 2 घंटे में मतदान प्रतिशत के आंकड़ों की सूचना प्राप्त करना, मतदान समाप्ति के पश्चात प्रखंड स्तरीय ड्र०प गेट पर प्रतिनियुक्त कर्मियों से मतदान दलों के प्रखंड क्षेत्र से ब्रजगृह की ओर प्रस्थान करने की सूचना प्राप्त करना। कम्युनिकेशन प्लानरू- सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी द्वारा एक कम्युनिकेशन प्लान तैयार किया जाएगा जिसमें प्रत्येक मतदान केंद्र हेतु 3 व्यक्तियों के नाम एवं उनके फोन नंबर अंकित होगा। कम्युनिकेशन प्लान हेतु सभी प्रखंडों को प्रपत्र उपलब्ध कराया गया है। रूट चार्टः-सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी द्वारा विहित प्रपत्र में रूट चार्ट उपलब्ध कराया गया है। रूट चार्ट का उपयोग पोलिंग पार्टी एवं पेट्रोलिंग पार्टी के द्वारा किया जाएगा। वाहनों की आवश्यकता एवं उपलब्धतारू- वनों की आवश्यकता का कलमकारी से मतदान दल के साथ टैग करना। साथ ही यह सुनिश्चित करना है कि वाहनों का ऑप्टिमम उपयोग हो। डिस्पैच सेंटर पर सभी आवश्यक व्यवस्थारू- पेयजल हेतु पानी टैंकर की उपलब्धता सुनिश्चित करना, प्रत्येक प्रखंड के पंडाल के पास एक या दो टैंकर की उपलब्धता, वाहन कोषांग के पास एक एवं वाहन पड़ाव मैदान में दो टैंकर की उपलब्धता, डिस्पैच परिसर में अन्य जगह/गेट के पास 1 या 2 टैंकर की उपलब्धता, डिस्पैच सेंटर पर मेडिकल टीम एवं एंबुलेंस की व्यवस्था सुनिश्चित करना।












डेस्क प्रभारी: विकाश कुमार सहयोगी: सोनू पंडित एडिटर: सोनू पंडित मैनेजिंग डायरेक्टर: डॉ0 अनिल कुमार

सच का साथी

# अपेम लाइव न्यूज

बरही से प्रकाशित एवं संचालित डिजीटल न्यूजपेपर



## भरही पंचायत से जनता ने सेवा का मौका दिया तो क्षेत्र का विकास ही विकास करेंगे-रिंकू शर्मा

**अपेम लाइवः प्रतापपुर**
**चंदन कुमार**



प्रतापपुर : पंचायत चुनाव के लिए प्रत्याशी दिन रात एक करके चुनाव प्रचार-प्रसार में जुटे हुए हैं। वही प्रतापपुर के भरही पंचायत चुनाव को लेकर सभी प्रत्याशी वोटरों को लुभाने के लिए अपनी पूरी ताकत झोंक दी है। इसी कड़ी में प्रत्याशी एवं समर्थक के साथ विभिन्न क्षेत्रों में रिंकू शर्मा घूम रही हैं। और अन्य समर्थकों के साथ भरही में उनके पति विनोद शर्मा वार्डो में लोगों से मिल रहे हैं। भरही पंचायत के मुखिया उम्मीदवार रिंकू शर्मा अपने पंचायतो में भ्रमण कर अपने वोटरों से बेल्ट छाप पर मतदान करने की अपील की। प्रचार के क्रम में रिंकू शर्मा ने पत्रकारों से बात करते हुए बोली की मैं भरही पंचायत से पिछले चुनाव में अच्छा वोट लाकर हम दो उम्मदीवारों का बराबर वोट आने के बाद टॉस उड़ाकर फैसला आने के बाद मैं हार गई। साथ ही उन्होंने ने बताई मैं इसी सोच के साथ व लोगों का आशीर्वाद देख इस बार फिर मुखिया उम्मीदवार के रूप में मैदान में आई हूं। साथ ही उन्होंने बताया की मैं खुद से नही बल्कि मुझे जनता ने खुद मैदान में उतारा है। और मैं इसी विश्वास के साथ नामांकन कर भाग्य आजमा रही हूं। और मैं मुझे ग्रामीणों का भरपूर समर्थन मिल रहा है जिससे देखकर मुझे पूर्ण विश्वास है कि मैं भरही पंचायत से विजय हासिल कर जनता की सेवा करूंगी व अपने वोटरों से वादा किया कि अगर जनता का आशीर्वाद मिला और मुझे सेवा करने का मौका दिया तो मैं क्षेत्र संख्या सात में विकास की गंगा बहा दूंगी साथ ही इस क्षेत्र से भर्ष्टाचार का नामोनिशान मिटा दूंगा। समाज में छुआ-छूत, अमीर-गरीब एवं छोटे बड़े का सम्मान और छोटे बड़े का भेद भाव जैसे कुरीतियों का जड़ से समाप्त करने के लिए संघर्ष करूंगी औऱ करते ही रहूंगी औऱ घर परिवार का बेटी हूँ और मुझे उम्मीद है आपके एक वोट के साथ ही आशीर्वाद दे।

## सभी के समन्वय से होगा पंचायत का विकास :- संगीता देवी

**अपेम लाइव : बिरनी**
**सब्बा अहमद**




जमुआ प्रखंड अंतर्गत चिलगा पंचायत के वार्ड 1 से 7 तक पंचायत समिति प्रत्याशी संगीता देवी आज चिलगा पंचायत अंतर्गत चिलगा, सोनारडीह, चन्डुडीह, पंचम्बा, बामिटाड ,पण्डो, लेद्वराडिह गांव में अपने सैकड़ों समर्थकों के साथ जनसंपर्क अभियान चलाया और लोगों का आशीर्वाद मांगा वही प्रत्याशी संगीता देवी ने कही अगर पंचायत के मतदाता हमें नेतृत्व करने का अवसर देता है तो मैं पंचायत में विकास की गाथा लिखने का काम करूंगा हर वर्ग का संपूर्ण विकास होगा एवं महिला सशक्तिकरण महिलाओं को रोजगार से जोड़ना हमारी पहली प्राथमिकता होगी इसकें साथ कहीं सभी के समन्वय से होगा पंचायत का विकास। पंचायत समिति निवेदक विजय सिंह ने कहा में 7 वार्ड मैं विकास की गंगा बहाएंगे हर वर्ग एवं बच्चा से लेकर बुजुर्ग का सम्मान करना हमारा पहली प्राथमि. कता होगी । मौके पर विजय सिंह ,कैलाश पांडे नंदलाल यादव, मंगल साव,दुखी साव, रामदेव पंडित, इत्यादि कई महिला एवं पुरुष उपस्थित थे।

## मुखिया एवं वार्ड सदस्य उम्मीदवारों को आवंटित किया गया चुनाव चिन्ह


**अपेम लाइव : बिरनी**
**सब्बा अहमद**

बिरनी प्रखण्ड मुख्यालय में सोमवार को दिनभर गहमागहमी रहा। प्रखण्ड क्षेत्र के मुखिया एवं वार्ड सदस्य उमीदवारों को चुनाव आयोग की ओर से आवंटित चुनाव चिन्ह दिया गया। प्रतियासी चुनाव चिन्ह लेकर उत्साहित दिखे। प्रखण्ड के 28 पंचयात में 189 मुखिया उम्मीदवार एवं 478 वार्ड सदस्य उम्मीदवारों को प्रखण्ड निर्वाची पदाधिकारी ने चुनाव चिन्ह आवंटित किया। वहीं दूसरी ओर 630 वार्ड सदस्य उम्मीदवार में से 152 वार्ड सदस्य उम्मीदवार निर्विरोध चुने गए। निर्विरोध चुने गए वार्ड सदस्य उम्मीवारों को सर्टीफिकेट प्रदान किया गया। मुखिया उम्मीदवारों को सेब, गुब्बारा, बल्लेबाज, बेल्ट, दूरबीन, आदमी व पाल युक्त नौका, ब्रेड टोस्टर, ब्रूश, कैलकुलेटर, शिमला मिर्च, फूलगोभी, चक्की, शतरंज बोर्ड, कोट, कंप्यूटर, क्रेन, कटिंग प्लायर, डिश एंटीना, दरवाजे का हैंडल, कान की बालियां, एक्सटेंशन बोर्ड, फुटब०ल खिलाड़ी, फ्राइंग पैन, गैस सिलेंडर दिया गया वहीं वार्ड सदस्य उम्मीदवारों को गैस चूल्हा, कांच का गिलास, हरी मिर्च, टॉप, हेलमेट, आइसक्रीम, कटहल, भिंडी, कुंडी, लूडो, माचिस की डिब्बी, नेल कटर, कड़ाही, नाशपाती, कलम की नीब सात किरणों के साथ, पेंसिल शार्पनर, पेट्रोल पंप, अनानास, प्लेट स्टैंड, पंचिंग मशीन, अंगूठी, रूम कूलर, सेफ्टी पिन, कैंची चुनाव चिन्ह आवंटित किया गया।




## महाभंडारे के साथ यज्ञ का समापन

**अपेम लाइव : गीरिडीह**
**बजरंगी महतो**




गिरिडीह जिला के बेंगाबाद प्रखंड स्थित मोतीलेदा पंचायत के कोल्हासिंघा में एक मई से चल रही श्री श्री एक हजार आठ हनुमत प्राण प्रतिष्ठा सह श्री राम चरित मानस महायज्ञ का आज नौ मई को महाभंडारे के साथ समापन हुआ। आज यज्ञ के नौवें दिन प्रातः हवन और आरती हुई उसके उपरांत नौ कन्याओं को भोजन कराकर महाभंडारे की शुरुआत हुई जो देर रात तक चली हजारों धर्मप्रेमियों और श्रृद्धालुओं ने भंडारे का महाप्रसाद ग्रहण किया। यज्ञ समिति के अध्यक्ष रीतलाल प्रसाद वर्मा सचिव नरेश कुमार वर्मा और कोषाध्यक्ष जितेन्द्र प्रशाद वर्मा ने अपेम लाइव न्यूज़ के माध्यम से शांतिपूर्वक और सौहार्दपूर्ण माहौल में यज्ञ संपन्न कराने में सहयोग करने के लिए धर्मप्रेमियों को धन्यवाद दिया। साथ ही उन्होंने अपेम लाइव न्यूज़ को यज्ञ कार्यक्रम को जन जन तक पहुंचाने के लिए विशेष आभार प्रकट किया। यज्ञ का शांतिपूर्ण और सौहार्दपूर्ण माहौल में उपाधयक्ष द्वारिका प्रसाद वर्मा एवं सूरज प्रसाद वर्मा, रवि कुमार वर्मा, बीरेंद्र कुमार, परमेश्वर महतो, रामेश्वर महतो, राजेश वर्मा, संजय कुमार, मुकेश कुमार, अरविंद वर्मा, गंगू महतो, पूरन कुमार, रवि कुमार, सुनील वर्मा, सुरेश महतो, केदार महतो, सुरेंद्र वर्मा, बबलू महतो दुलार वर्मा, सहदेव महतो छोटी महतो और अनिल कुमार का विशेष योगदान रहा। यज्ञ के मुख्य पुजारी तुलसी महतो ने सपत्नीक यज्ञ स्थल पर लगातार नौ दिनो तक पूजन अर्चन किया।

## बिरेन्द्र रजक ने चलाया जनसम्पर्क अभियान, माँगा वोट

### जनता के साथ व जनता का विश्वास मिला तो बदलेगा पंचायत का तस्वीर : बीरेंद्र

**अपेम लाइव : चौपारण**
**किशोर राणा**



बच्छई पंचायत से मुखिया उम्मीदवार बिरेन्द्र रजक ने पंचायत के ओबरा व सेवई में जनसम्पर्क अभियान चलाकर माँगा वोट। इस दौरान मलिक. ाना व डुमरी के दर्जनों युवक बिरेन्द्र रजक के जनसम्पर्क अभियान में सम्मिलित रहे। बीरेंद्र रजक ने अपना घोषणा पत्र व मुखिया कुन्ती देवी के कार्यकाल का लेखा जोखा पेश किया। बिरेन्द्र रजक ने कहा जनता का साथ व जनता का विश्वाश मिला तो बदल दूँगा पंचायत का तस्वीर। कहा हमलोगों ने जो वादा किया उसे पूरा किया कहा जो भी अधूरे कार्यो है उसे हर हाल में पूरा करूँगा। कहा जिस गाँव मे जा रहा हूँ मतदाताओं का भरपूर जनसमर्थन मिल रहा है। इस दौरान सकलदेव यादव, अकबर अंसारी, मनोज यादव, रामजीवन राणा, मिथलेश यादव, प्रेम यादव, तुलसी यादव, आलोक राणा, नीरज राणा, प्रमोद साव, सुनील साहू, जितेंद्र साव, अरुण कुमार, नीतीश यादव, नवीन रजक, सुमीत रजक, भोला साव, विकास गुप्ता, मिथलेश ठाकुर, पिन्टू यादव सहित अन्य।

